हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 14 मार्च 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

4
मोदी का वादा हुआ पूरा, 494 करोड़ की अंतर राशि का हुआ भुगतान



## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन दुलदुला में लर्निंग लाइसेंस शिविर



**जशपुरनगर।** जिला परिवहन विभाग द्वारा सामुदायिक भवन दुलदुला में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया और यातायात नियम संबंधी जानकारी दी गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 157 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका सारथी सर्वर तकनीकी समस्या के कारण लर्निंग लाइसेंस प्रिंट कर नहीं दिया गया है। सर्वर सुधार उपरांत लर्निंग लाइसेंस प्रिंट कर आगामी दिवसों में जनपद पंचायत कार्यालय दुलदुला से वितरण किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मितान हेल्पलाईन नंबर जारी

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से निःशुल्क हेल्पलाइन 07763-299030 जशपुर जिले के लिए उपलब्ध है। यह हेल्पलाइन मुख्य रूप से हितग्राहियों के स्वास्थ्य संस्था से संबंधित आ रही कठिनाइयों में मदद के लिए है। यह एम्बुलेंस व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड संबंधित अस्पतालों में उपचार हेतु, विशेष स्वास्थ्य देखभाल आदि संबंधित सहायता के लिए है। मुख्यमंत्री आवास बगिया से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा हेल्पलाइन 07763-299030 का शुभारंभ किया जा चुका है। जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है, कि हेल्पलाईन का उपयोग जरूरतमंदों के लिए आवश्यकतानुसार उपयोग करें।

### जनहानि के दो मामले में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हार बहार निवासी सम्पत्ति बाई का कुआं के पानी में डुबने से 6 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति बालेश्वर हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार जामबहार निवासी जेम्स कुजूर का कुआं के पानी में डुबने से 13 अक्टूबर 2020 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी एमेन्सिया कुजूर हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव तहसील, उप तहसील बागबहार के ग्राम बनगांव बी निवासी स्व. भीमराम यादव की पीकप वाहन क्रमांक सीजी 14 एमजी 3941 से सड़क दुर्घटना में 16 मई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती सुकरी बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा में मुकेश ने किया क्वालीफाई

**जशपुरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में जिला निरंतर प्रगति की ओर है, जहां नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आगामी सत्र से अध्ययन अध्यापन की तैयारी है वहीं दूसरी ओर शिक्षा के क्षेत्र में जिले से सकारात्मक ख़बर निकल कर सामने आ रही है, जो गर्व करने वाला है। जिले के मुकेश कुमार जो संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर से 10 दिसंबर 2023 को हिंदी विषय में 33 रिक्त पदों के लिए शोध कार्य हेतु प्रवेश परीक्षा दिया था।



## जशपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# जेजेएमपी का नक्सली कमांडर टुनेश छह साथियों सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने जशपुर पुलिस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि जिला पुलिस ने झारखंड के पलामू व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर इलाके में सक्रिय

■ झारखंड के पलामू व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर इलाके में सक्रिय था नक्सली एरिया कमांडर

दुर्दांत नक्सली टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि को उसके छः साथियों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

झारखंड पुलिस का बेहतरीन समन्वय एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के त्वरित कार्रवाई ने झारखंड और छत्तीसगढ़ में सक्रिय झारखंड जन मुक्ति परिषद का एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि एवम उसके पांच साथियों के साथ कुल छः नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। झारखंड पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस को सूचना दी गई,कि जेजेएमपी एरिया कमांडर और दुर्दांत अपराधी टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि अपने साथियों के साथ छत्तीसगढ़ के बलरामपुर एवं जशपुर जिले में सक्रिय है। सूचना पर सरगुजा रेंज के महा निरीक्षक अंकित गर्ग ने तत्काल पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह आर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ लाल उम्मेद सिंह को सूचना से अवगत कराते हुए पुलिस टीम गठित कर संयुक्त आपरेशन चलाने का निर्देश दिया।संयुक्त टीम का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विनोद मांडवी कुनकुरी, उप निरीक्षक सुभाष कुजुर जिला बलरामपुर ने किया।पुलिस टीम द्वारा जशपुर जिले के ग्राम करमा थाना नारायणपुर एवम कुनकुरी में दबीस देकर सभी छः आरोपियों को गिरफ्तार किया।



पत्रवार्ता में गिरफ्तार नक्सली एरिया कमांडर की जानकारी देते सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग।

### आरोपियों के कब्जे से क्या- क्या हुआ बरामद

एके 47 रायफल, एक मैगजीन, जिंदा राउंड 90, एक चपड, नक्सली ड्रेस, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री।

### किसकी-किसकी हुई गिरफ्तारी

ग्राम करमा थाना नारायणपुर जिला जशपुर से निम्न नक्सली सदस्य गिरफ्तार किए गए राम लकड़ा उम्र 40 साल निवासी गढ़िया थाना भंडरिया (झारखंड) रंजित महतो उम्र 30 साल निवासी ओरगी थाना विष्णुगढ़ (झारखंड) हेरमन कुमार गन्नूम निवासी टिकटबंध थाना मुंडा चतरा (झारखंड) उपरोक्त सभी आरोपियों को संयुक्त कार्यवाही कर ग्राम करमा में पिछले एक हफ्ते से किरायेदार के रूप में रहते हुए गिरफ्तार किया गया है।एक अन्य आरोपी गुलाम सहजदा को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर कुनकुरी में दबिश देकर जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा ऊर्फ रवि को उसके साथी तब्बसुम अहमद के साथ मोहम्मद सद्दाम के मकान में किरायेदार के रूप में रहते थे जिन्हे संयुक्त टीम ने घेराबंदी करके गिरफ्तार किया गया है।

### कहां-कहां कितने है आरोप

तब्बासूम चोरी के आरोप में गिरफ्तार हुआ था जेल से छूटने पर कुनकुरी में आकर किराए पर त्राहता था। उसी ने टुनेश लकड़ा को गाड़ी से कुनकुरी लाया था और दोनो साथ में रहते थे। टुनेश लकड़ा के खिलाफ झारखंड के गढ़वा में 18 और बलरामपुर में 13, लुट मार, वसूली, धमकी व अन्य अपराधो में मामला दर्ज है। इस पूरी कार्यवाही में जशपुर पुलिस, बलरामपुर पुलिस और गढ़वा पुलिस का विशेष योगदान रहा। दोनो राज्यों की पुलिस के बेहतरीन समन्वय से इतनी बड़ी कार्यवाही को सफलता से पूरा किया जा सका।

### नक्सल को पनपने नहीं दिया जाएगा

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग ने कहा कि जिस जशपुर जिले को नक्सल मुक्त किया जा चुका है वहां किसी भी रूप में नक्सल को पनपने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए हमारी पुलिस टीम पूरी तरह से तैयार है। हम झारखंड पुलिस के गढ़वा पुलिस के बेहतर समन्वय के लिए धन्यवाद देते है। भविष्य में इसी तरह के सहयोग से काम करने की अपेक्षा है।

-अंकित गर्ग
पुलिस महानिरीक्षक
सरगुजा रेंज

# सड़क दुर्घटना में बीईओ सहित तीन बाबू घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनीराम भगत सहित बीईओ कार्यालय में पदस्थ बाबू हीरा लाल गोपाल,राधेश्याम व अरविंद बंजारे रायपुर से पत्थलगांव आते समय मंगलवार की रात को सिमगा के पास दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बीईओ के साथ बाबू रायपुर एक मीटिंग को अटेंड कर वापस पत्थलगांव लौट रहे थे। सिमगा के समीप एक ट्रक से उनकी कार टकरा गई जिससे सभी लोग घायल हो गए । सभी घायलों का इलाज रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर अस्पताल में चल रहा है। गनीमत रही कि सभी कार में बैठे लोगों ने सीट बेल्ट बांध रखे थे और दुर्घटना होने पर कार के एयरबैग खुल गया । इससे दुर्घटना होने पर भी जान बच गई।

■ रायपुर रामकृष्ण हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती

## सड़क हादसे के दौरान दिखा यातायात पुलिस का मानवीय चेहरा



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव क्षेत्र में यातायात पुलिस की मानवता को दर्शाता हुआ एक और खबर सामने आया है यहा पदस्थ ट्रैफिक जवान लोगों की मदद करने के लिए अक्सर ही चर्चाओं में रहते हैं। हाल ही में सड़क पर पड़े घायल को उन्होंने समय रहते अस्पताल पहुंचाया है। जहां उसका इलाज चल रहा हैं. आपको बता दे की इन दिनों किलकिलेश्वर धाम में महाशिव रात्री मेला चल रहा है जिसकी वजह से पत्थलगांव किलकिला मार्ग में वाहनों की आवाजाही बढ़ गयी है साथ ही सड़क दुर्घटना के मामले भी रोजाना सामने आ रहे है एसे में यहा ड्यूटी में तैनात यातायात दल घायलों के लिए राहत के रूप में उभरकर सामने आ रहे है बुधवार को किलकिला मार्ग जियतभान लकड़ा निवासी इला बाईक सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया सड़क किनारे तडपते घायल को राहगीरों ने देखा तो तत्काल यातायात दल को इसकी सुचना दी यातायात दल के लोगो ने फ़ौरन समय न गवाते हुवे एम्बुलेंस की प्रतीक्षा करना छोड़ मौके की नजाकत को देख अपने हाथो से घायल को उठाकर पत्थलगांव सिविल अस्पताल भेजकर इलाज की व्यवस्था की बता दे की इससे पूर्व भी कई मर्तबा यातायात दल द्वारा सड़क हादसों में घायल लोगो को समय पर चिकित्सा उपलब्ध करा कर जान बचाया जा चुका है।

## आहरण अधिकारियों को चेक बुक कोषालय में जमा कराने के निर्देश

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में समस्त आहरण अधिकारियों द्वारा चेक बुक कोषालयों में जमा करने तथा कार्य विभागों द्वारा ई-कुबरे के माध्यम से ऑनलाईन पेंमेंट पर रोक लगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 22 मार्च 2024 को संध्या 5.00 बजे समस्त चेक आहरण अधिकारी, अपनी चेक बुक कोषालय अधिकारी के पास जमा करेंगे तथा उपयोग किए गए व निरंग चेक का स्पष्ट विवरण कोषालय अधिकारी को चेक बुक के साथ देगें।

■ ई-कुबरे के माध्यम से ऑनलाईन पेंमेंट पर भी 22 मार्च के बाद रोक लगाने के निर्देश

मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर स्थित वित्त विभाग से शासन के समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, समस्त संभागीय आयुक्त, विभागध्यक्ष, कलेक्टर और कोषालय तथा उप कोषालय अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी कर शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार 26 मार्च 2024 से ऐसे अपरिहार्य प्रकरणों में, जिनमें कि कतिपय व्ययों को, जो जनहित या प्रशासन के हित में अनिवार्य है, स्थानीय जिलाध्यक्ष के समक्ष पूर्ण प्रकरण व विषयवस्तु औचित्य सहित प्रस्तुत कर भुगतान संबंधी आदेश प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे सभी आदेशों की प्रति संकलित कर वित्त विभाग को अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाए। 26 मार्च 2024 से वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक उपरोक्त निर्देशित प्रक्रिया के अनुसार जिलाध्यक्ष से स्वीकृति प्राप्त प्रकरणों में चेक काटने हेतु कोषालय अधिकारी संबंधित चेक आहरण एवं संवितरण अधिकारी को चेक बुक उपलब्ध करायेगें जिस पर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के हस्ताक्षर एवं कोषालय अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा।

### अघोरेश्वर महाविभूति स्थापना दिवस पर चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट, अघोर पीठ गम्हरिया आश्रम में आगामी 15 व 16 मार्च को परम पूज्य अघोरेश्वर महाविभूति स्थल चरण पादुका य शिवलिंग स्थापना का 25 वां वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर लोगों को चिकित्सा लाभ दिलाने के लिए दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। 15 मार्च को प्रातः 8:15 बजे ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष परम पूज्य गुरूपद संभव द्वारा मां भगवती मंदिर, अघोराचार्य महाराज कीनाराम के विग्रह पर पूजन आरती किया जाएगा, तत्पश्चात पूज्य बाबा द्वारा अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर विधिवत पूजन एवं आरती करने के बाद उन्हीं के द्वारा अघोरान्ना परो मंत्रः नास्ति तत्व गुरो परम महामंत्र का 24 घंटे का अष्टयान संकीर्तन प्रारंभ किया जायेगा। जो कि अगले दिन 16 मार्च को प्रातः 9:00 बजे समाप्त होगा। 15 मार्च को ही प्रातः 10 बजे से निःशुल्क चिकित्सा शिविर प्रारंभ होगा जो साय 5 बजे तक चलेगा।

# लंबित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा के भीतर लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली तथा समय सीमा के भीतर लंबित प्रकरण को निराकरण करने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

उन्होंने सीएम हाउस बगिया से विभिन्न मांग, समस्याओं के निराकरण हेतु प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, पीएम जनमन योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए किए जा रहे कार्यों को शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होने पीएम आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, केसीसी, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य कार्यों में निरंतर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित निर्माण विभाग को भवन निर्माण हेतु आर्किटेक्ट द्वारा डिजायन कराकर ही कार्य प्रारंभ करने निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस व्यवस्था की जानकारी ली तथा एंबुलेंस में ड्राइवर व्यवस्था एवं टेक्नीशियन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए समन्वय बनाकर सभी जरूरी तैयारीयां प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

प्रथम पुरस्कार – सोने की अंगूठी | द्वितीय पुरस्कार – मिक्सर ग्राइंडर | तृतीय पुरस्कार – डिनर सेट | चतुर्थ पुरस्कार – इलेक्ट्रिक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 | एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. अर्जुन पुरस्कार प्राप्त प्रथम महिला ? ..............
2. महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना कब हुई ? ..............
3. आस्कर पुरस्कार जितने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..............
4. बुकर पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..............
5. मिस वर्ल्ड बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..............
6. दूरदर्शन पर समाचार पढ़ने वाली प्रथम महिला ? ..............
7. राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है ? ..............
8. सुप्रीम कोर्ट की प्रथम महिला जज ? ..............
9. भारत की प्रथम महिला IAS कौन थी ? ..............
10. अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की सदस्य बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..............

Summer Camp for KIDS — छुपा है हर घर में हुनर, एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in – Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in – Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERCE – Bsc. BIOLOGY, B.COM, B.A. | PGDCA
PHARMACY – M. PHARMA, B. PHARMA, D. PHARMA
JES COLLEGE OF NURSING – B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL
JES COLLEGE EDUCATION – B.ed, D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्ठि हरिभूमि के एजेंटों/संवाददाताओं/ जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्ठि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..............
पिता/पति का नाम :- ..............
स्थाई पता :- ..............
फोन/मो. नं. :- ..............
शैक्षणिक योग्यता :- ..............
फोटो यहां चिपकाएं

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus : Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप

### एसजीजीयू की वार्षिक परीक्षाएं 14 से शामिल होंगे 72 हजार परीक्षार्थी

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि में स्नातक, स्तकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षाएं 14 मार्च से प्रारंभ होंगी। परीक्षाएं तीन पालियों में संचालित होंगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे, दूसरी पाली 11 से 1 बजे एवं तीसरी पाली की परीक्षा शाम 3 से 6 बजे तक होगी। कुल सचिव विनोद कुमार एक्का ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के लिए सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों में 51 केन्द्र गठित किए हैं। वार्षिक परीक्षा में कुल 72 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। विश्व विद्यालय के पोर्टल पर परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपने यूजर आईडी के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउन लोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में नकल को रोकने 3 उड़नदस्ता दल का बना है। दल परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेगा। शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर, एसपी को पत्र लिखा गया है। पिछले साल की तुलना में इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आई है तथा 12 हजार 251 परीक्षार्थी कम हुए हैं। परीक्षार्थियों की संख्या में आई कमी के पीछे आन लाईन परीक्षा को कारण बताया जा रहा है।

### चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर डॉ. सलमान को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** मोदी संवाद सम्मेलन में रायपुर मे चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर योगदान कार्य करने वाले



लखनपुर के डॉ.सलमान खान को सम्मानित किया गया। रायपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के मोदी के संवाद सम्मेलन भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन सिंह, भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव द्वारा निजी हॉस्पिटलों में चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टर को सम्मानित किया गया। लखनपुर वार्ड क्रमांक 6 के निवासी डॉ. सलमान खान जो रायपुर के निजी अस्पताल में डॉक्टर के रूप में सेवा दे रहे हैं। जिन्हें लगातार 5 वर्षों से अस्पताल में चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

### अज्ञात वाहन चालक ने गाय को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** अज्ञात वाहन चालक द्वारा गाय को टक्कर मार दिए जाने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुरवाँ निवासी प्रार्थी सुनील रवि पिता सोहन रवि ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी गाय को मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कुरवां चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जबरदस्त टक्कर मार दिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 279, 427 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर डॉ. सलमान को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** मोदी संवाद सम्मेलन में रायपुर मे चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर योगदान कार्य करने वाले



लखनपुर के डॉ.सलमान खान को सम्मानित किया गया। रायपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के मोदी के संवाद सम्मेलन भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन सिंह, भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव द्वारा निजी हॉस्पिटलों में चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टर को सम्मानित किया गया। लखनपुर वार्ड क्रमांक 6 के निवासी डॉ. सलमान खान जो रायपुर के निजी अस्पताल में डॉक्टर के रूप में सेवा दे रहे हैं। जिन्हें लगातार 5 वर्षों से अस्पताल में चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

### अज्ञात वाहन चालक ने गाय को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** अज्ञात वाहन चालक द्वारा गाय को टक्कर मार दिए जाने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुरवाँ निवासी प्रार्थी सुनील रवि पिता सोहन रवि ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी गाय को मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कुरवां चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जबरदस्त टक्कर मार दिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 279, 427 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### जल प्रबंधन के लिए निर्मित किया गया चेक डेम

**अम्बिकापुर।** विकास खंड उदयपुर में अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण समुदायों के उत्थान और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए ढांचागत विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं। सामाजिक सरोकारों अंतर्गत कराए जा रहे सभी विकास कार्य न सिर्फ ग्रामों के विकास की गाथा गढ़ रहे है, बल्कि स्थानीय आदिवासी समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम भी कर रहे हैं। ढांचागत विकास की श्रंखला में अदाणी फाउंडेशन द्वारा 14 गावों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में मरम्मत तथा बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं एवं पक्के शौचालयों का निर्माण, गांव में सड़क निर्माण एवं 100 से अधिक स्ट्रीट लाइट तथा यात्री प्रतीक्षालयों के मरम्मत तथा सौंदरीकरण इत्यादि के कार्य शामिल है। मार्च महीने में ही अब तक पास के तीन गांवों घाटबर्रा, साल्ही और फतेहपुर में दो महत्वपूर्ण कार्यों अंजाम दिया गया है। जिनमे हाई मास्ट सौर ऊर्जा के लाइट से चौक चौराहों को किया रोशन किया गया जिससे , 500 से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल रहा है। इसी अवधि के दौरान साल्ही गांव में एक चेक बांध का निर्माण कराया है।

## कृषक उन्नति योजना के तहत जारी की गई अंतर की राशि

# 50 हजार से अधिक किसानों के खाते में पहुंचे 291 करोड़ रुपए



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जगह-जगह हुआ कार्यक्रम का आयोजन

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत एक और वादा पूरा कर दिया है। सीएम श्री साय ने आज बालोद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर के किसानों के खाते में कृषक उन्नति योजना के तहत समर्थन मूल्य के अंतर की राशि जारी की गई। सरगुजा में भी कृषक उन्नति योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक राजेश अग्रवाल, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पार्षद आलोक दुबे, कलेक्टर विलास भोस्कर, एसपी विजय अग्रवाल, जिपं सीईओ नूतन कुमार कंवर व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों से खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया गया है और इसी कड़ी में समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि का अन्तरण कृषक उन्नति योजना के तहत किया गया। सरगुजा जिले में कुल 50518 किसानों से 317987 मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत सरगुजा जिले में 50518 कृषकों को धान के समर्थन मूल्य में अंतर की राशि 291.59 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से हितग्राही किसानों को उनके खाते में आने वाली राशि के चेक वितरण किए गए। साथ ही महिला हितग्राहियों को राशन कार्ड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी आज पूरी होने जा रही है। जब से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, आमजनों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। धान बोनस की राशि का वितरण, आवास की स्वीकृति एवं राशि जारी, और अब महतारी वंदन योजना के तहत सभी महिलाओं को प्रतिमाह एक-एक हजार रुपए की राशि दी जा रही है।

### विधायक की मौजूदगी में हुआ कृषक उन्नति कार्यक्रम



**राजपुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के खाते में समर्थन मूल्य की राशि का अंतरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, पूर्व विधायक चिंतामणी महाराज, सिद्धनाथ पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल शामिल हुए। ब्लॉक के आठ उपार्जन केंद्रों से लाभान्वित 6595 किसानों से कुल 416143 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी और आज किसानों के खाते में 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से 38 करोड़ 16 लाख 3 हजार 681 रुपए की राशि का अंतरण किया गया। विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि पीएम श्री मोदी की गारंटी पर भाजपा सरकार ने घोषणा पत्र में वादा किया गया था कि किसानों को धान का 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल प्रदान किया जाएगा और आज भाजपा ने अपना वादा पूर्ण किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मन्नालाल चौधरी, विधायक प्रतिनिधि शिवराज जायसवाल, प्रवीण अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव, नपं पंचायत अध्यक्ष धर्म सिंह, गौरी शंकर अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अनिल दुबे, प्यारेलाल जायसवाल, राजेश अग्रवाल, आनंद जायसवाल, उदय यादव, प्रदीप जायसवाल, सुनील जायसवाल, संजय जायसवाल, एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर, सीईओ संजय दुबे, बीईओ आदित्य पाटनवार, एसडीओ धर्मेंद्र गुप्ता, प्रभारी कृषि विस्तार अधिकारी संजय यादव, राजीव चौबे व अन्य भजपा के कार्यकर्ता व किसान थे।

### धान की अंतर राशि सीधे किसानों के खाते में पहुंची



**सोनगरा।** छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास कल्याण संघ एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रतापपुर के मंगल भवन में धान बोनस वितरण का प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल उद्घाटन बटन दबाकर किया गया। कार्यक्रम में विधायक शामिल हुई। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह काम यथार्थ में करके दिखाती है। जब से विष्णु देव साय मुख्यमंत्री बने हैं तब से आम जनता को लगातार कुछ न कुछ लाभ मिल रहा है। चाहे गैस सिलेंडर हो, मातृ वंदन योजना हो, धान बोनस, पांच सौ पचपन रुपए प्रति सैकड़ा तेंदूपत्ता का हो। कार्यक्रम के दौरान लाल संतोष सिंह, एसडीएम ललिता भगत,अजीत शरण सिंह, अक्षय तिवारी, अवधेश पांडे, शरद चंद्र द्विवेदी, विनोद जायसवाल, विक्रम नामदेव, अवधेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, थाउला राम, विजेंद्र कश्यप, लक्ष्मी गुप्ता,अनुराग द्विवेदी, गुलाब मोहन तिवारी, शिव शंकर यादव, एचआर पात्रे, सचिन तायल, विकास तिवारी, चंद्रिका यादव, शहादत हुसैन, वेद प्रकाश गुप्ता, अभिषेक सिंह, मनहरण लाल बंजारे, अशोक जायसवाल, आभा शुक्ला, गोपाल शरण सिंह, अभिषेक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उदयपुर के 3831 कृषकों के खाते में 18.25 करोड़ से अधिक राशि अंतरित



**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर सामुदायिक भवन में बोनस तिहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं प्रशासनिक कर्मचारी अधिकारी समेत जनप्रतिनिधि रहे। वर्चुअल के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 13 हजार 320 किसानों के खाते में समर्थन मूल्य के बाद बोनस की राशि अंतरित की। सामुदायिक भवन में उपस्थित लोग मुख्यमंत्री के बोनस राशि का रिमोट दबाने के बाद ताली बजाकर अभिनंदन किया। भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल ने कहा हमारी सरकार जो वादा किया उसे मोदी गारंटी के तहत पूरा भी किया है। मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने कहा छत्तीसगढ़ के जनता ने कांग्रेस सरकार से परेशान होकर भाजपा की सरकार पर भरोसा जताया है जिसे मोदी के गारंटी में पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम को भाजपा नेता संतोष जायसवाल, राधेश्याम ठाकुर, प्रबोध सिंह सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया इस दौरान दीपक सिंघल, अखंड विधायक सिंह, श्यामलाल जायसवाल, चंद्रबसु यादव, बुद्ध मोहन सिंह, शुभम भदोरिया, कल्पना भदोरिया, जनपद अध्यक्ष भोजवंती सिंह, जनपद सदस्य शांति राजवाड़े, एसडीएम भागीरथी खांडेय, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, कृषि विस्तार अधिकारी राधे कृष्णन, करारोपण विपिन कुमार चौहान व कृषि विभाग अधिकारी कर्मचारी एवं पंच, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं उदयपुर कृषि विस्तार अधिकारी राधे कृष्णन के रिकॉर्ड अनुसार उदयपुर के पांच समिति व दो उपार्जन केंद्र में कुल 201541 क्विंटल धान की खरीदी पर 3831 कृषकों के खाते में 18 करोड़ 48 लाख 13 हजार दो सौ 80 रुपए बोनस राशि डाला गया।

### लखनपुर में 10927 किसानों के खातों में आई राशि



**लखनपुर।** कृषक उन्नति योजना के तहत विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया। विकासखंड में 10927 किसानों के खातों में 56.02 करोड़ रुपए का अंतरण किया गया। विकासखंड के 7 उपार्जन केंद्र 2 उपकेंद्र के पंजीकृत किसानों की संख्या 12090 में से 10927 किसानों ने 6 लाख 11199.20 क्विंटल धान 133.42 करोड रुपए के धान की बिक्री की गई है। कृषि उन्नति योजना अंतर्गत किसानों के खातों में अंतर की राशि 56.020 करोड़ रुपए सीधे अंतरण किया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मोनिका सिंह, जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव सहित भाजपा के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## पशु तस्करी के खिलाफ बजरंग दल ने दतिमा में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- दो तस्करों को सात नग मवेशी के साथ पकड़कर पुलिस को सौंपा



करंजी पुलिस चौकी के दतिमा समेत आसपास करीब आठ दस गांवो के मवेशियों के रहस्मयी तरीके से गायब होने के बाद जागे स्थानीय ग्रामीणों ने मंगलवार को दो मवेशी तस्करों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।दोनो आरोपित गांव के सात नग मवेशियों को छीपा कर दूसरी जगह ले जा रहे थे।मवेशी तस्करो के पकड़े जाने की सूचना पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ दतिमा चौक में एकत्र हो प्रदर्शन करने लगे।सैकड़ों की संख्या में एकत्रित प्रदर्शनकारियों ने सड़क में टायर जला मार्ग बाधित कर दिया।प्रदर्शनकारियो का कहना था कि दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए और इस गौ तस्करी कार्य में जुड़े अन्य लोगो के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।चक्का जाम व विरोध प्रदर्शन की सूचना पर जिले के एडिशनल एसपी संतोष कुमार महतो व तहसीलदार मौके पर पहुंच प्रदर्शनकारियों को गौ तस्करी से जुड़े लोगो के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही करने हेतु आश्वसत किया, तब जाकर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान करंजी पुलिस ने गौ तस्करी करते रंगे हांथ पकड़े गए आरोपी रियाज अंसारी आत्मज अब्दुल मजीद 44 वर्ष निवासी दतिमा व कुंवर साय आत्मज ललन कंवर 50 वर्ष निवासी राई के खिलाफ पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 की धारा 4,6,10 व पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11,1 घ के तहत मामला दर्ज कर सात नग मवेशी को जप्त कर दोनों आरोपियों को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

### तीन चार माह से अचानक बढ़ी मवेशी तस्करी

क्षेत्र के भाजपा नेता सत्यनारायण जायसवाल ने बताया कि विगत तीन चार माह से करंजी समेत आसपास के आठ दस गांवो से रहसम्यी तरीके से मवेशी गायब हो रहे है, उन्होंने बताया कि इन तीन चार महीने में दो सौ जोड़ी से अधिक मवेशी अब तक गायब हो चुके है।क्षेत्र में सक्रिय गौ तस्करों द्वारा खुले में चर रहे आवारा मवेशियों समेत कृषकों की मवेशियों को गौ तस्कर हांक कर सुनसान में ले जा वाहनों में भरकर बूचड़ खाने ले जा रहे है।प्रदेश में सता परिवर्तन के बाद भी मवेशी तस्करी पर अब तक लगाम नहीं लगाई जा सकी है जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### विधायक ने मवेशी तस्करों का पीछा कर पकड़े सत्रह नग मवेशी

गौ तस्करी के खिलाफ शुरू से सख्त प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की सक्रियता से सत्रह नग मवेशी को पकड़ गांव के गौठान में रखा गया है।विधायक ने प्रेमनगर पुलिस को मामले की सूचना देते हुए गौ तस्करी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया है।बताया गया कि बीती रात विधायक भुलन सिंह मरावी को सूचना मिली कि गौ तस्कर मवेशियों को हांक कर बूचड़ खाना ले जा रहे है।सूचना पर तत्काल सक्रिय हुए विधायक ने गौ तस्करों का पीछा करते हुए कंचनपुर चौरी पहाड़ पहुंच गए, रात्रि का फायदा उठाकर तस्कर भाग निकले, यहां सत्रह नग मवेशियों को बरामद कर स्थानीय गौठान में रखवाया गया है।विधायक ने मामले की सूचना प्रेमनगर पुलिस को देते हुए गौ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

### अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर अंतर्गत जनकपुर निवासी सराजू यादव आ. शिव कुमार यादव (34 वर्ष) गत दिन बाइक से जा रहा था। जैसे ही जिहाईपारा के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हत्या के मामले में जेल बंद बंदी की उपचार के दौरान गई मौत

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज जेल में हत्या के मामले में बंद विचाराधीन बंदी की तबीयत खराब हो जाने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम सिविल दाग निवासी मोहर साय आ. भीरनू राम (55 वर्ष) हत्या के मामले में रामानुजगंज जेल में विचाराधीन था। गत दिन तबीयत खराब हो जाने पर उसे केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया गया। बंदी की हालत गंभीर होने पर उसे केंद्रीय जेल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अवैध कब्जा हटाने मामले में भटगांव तहसीलदार पर भेदभाव करने का आरोप

- ग्रामीण ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार
- 11 कब्जाधारी ग्रामीणों को बचाते हुए केवल एक ग्रामीण को जारी हुई बेदखली नोटिस



**बिश्रामपुर।** शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर भटगांव तहसीलदार पर भेदभाव पूर्ण कार्यवाही किए जाने के मामले में ग्रामीण ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्राम पंचायत श्यामनगर तमोरपारा निवासी प्रार्थी मड़वारी राजवाडे पिता हीरा ने उल्लेख किया है कि उसके पिता के खसरा नंबर 217 रकबा 0.06 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखे हैं, जिसमें मकान भी बना हुआ है। आवेदक के पिता एवं स्वयं आवेदक विगत 50-60 वर्षों से उक्त शासकीय पर काबिज काश्त रहते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गांव के ही खसरा नंबर 220, 280, 281 एवं 283 की भूमि जो कि प्रार्थी की भूमि से लगा हुआ है और उसमें भी गांव के अन्य ग्रामीण भी कब्जा कर अपना-अपना घर बनाकर रह रहे हैं। खसरा नंबर 217 लगभग एक एकड़ चालीस डिसमिल का बड़ा प्लाट है, जिसमें गांव के अन्य व्यक्तियों क्रमशः रनसाय पिता मोहन, कन्हैया लाल पिता तिरजन, हेमसाय पिता शुक्ला, राजू पिता देवचन्द, राम कैलाश पिता रूपसाय, कुलेश्वर पिता रामचरन, रामा शंकर माता वृधवा, राजेश पिता राम नारायण, रामसाय पिता दरबारी, मड़वारी पिता हीरालाल, राम भरोष एवं भवनसाय पिता राम नारायण उक्त शासकीय भूमि पर घर बनाकर निवासरत हैं। बावजूद इसके गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा केवल प्रार्थी की काबिज भूमि पर अपना हक जमाने के उद्देश्य से अतिक्रमण का मामला बनवाया गया है और शेष गांव के अन्य 11 व्यक्तियों के विरूद्ध अतिक्रमण का मामला नहीं बनवाया गया है। मामले में दबंग व्यक्तियों के दबाव में भटगांव तहसीलदार द्वारा अन्य सभी शासकीय भूमि पर काबिज लोगों को बचाते हुए केवल प्रार्थी को दो दिन के भीतर अपना कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रार्थी ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्रार्थी ने ज्ञापन में यह मांग किया है कि वर्षों से काबिज उक्त भूमि से बेदखल करने की कार्यवाही में सभी लोगों के खिलाफ निष्पक्ष कार्यवाही की जाए।

## कैबिनेट मंत्री ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन



**भैयाथान।** विकासखण्ड ओड़गी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरसेड़ी से कर्री-कुपी तक 6 किमी पक्की सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। बहुप्रतिक्षित इस मार्ग में राज्य शासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए 13 करोड़ 52.9 लाख की राशि से बनने वाले पक्की सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्यातिथि विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया। भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा की कांग्रेस की सरकार 5 सालों में यहां के सारे विकास कार्यो को रोक दिया था। जैसे ही प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार बनी और डबल इंजन लगते ही प्रदेश के सभी विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ गई है। साथ ही मोदी के प्रत्येक गारंटी को लगातार पूरा किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को उनके खाते में एक-एक हजार रुपए देने का वादा किया गया था,जिसे पूरा करते हुए प्रदेश के प्रत्येक महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपए ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने कहा कि धरसेड़ी से कर्री-कुप्पी तक पक्की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज किया गया है। जिससे यह सड़क बन जाने से आने वाले दिनों में यहां के ग्रामीणों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ व सुविधा मिलेगी। साथ ही बरसात के दिनों में अब कर्री-कुप्पी भी पहुंचविहीन क्षेत्र आजाद हो जाएगा। इस दौरान शान्तनु गोयल, सत्यनारायण पैकरा, शिवकुमार राजवाड़े, जगदेव यादव, केशव सिंह, बृजेश कांशी, नरेश राजवाड़े, रमेश सोनी, पुष्पेंद्र गुर्जर, विष्णु यादव, गौरी सिंह, दुर्गा गुप्ता, सोहन कुर्रे, अरविंद देवांगन, अशोक साहू, रोहन देवांगन, रामबरन राजवाड़े, देव साय राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भक्तिभाव से हुआ हनुमान मंदिर गोधनपुर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

गोधनपुर में श्री हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 8 मार्च से अत्यंत भक्तिमय हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मार्च को प्रातः 9 बजे मंदिर प्रांगण में हनुमत ध्वज स्थापना से हुआ। 9 मार्च को भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। यह कलश शोभायात्रा वसुंधरा विहार स्थित शिव मंदिर से निकलकर गोधनपुर मुख्य मार्ग स्थित महेश्वर मंदिर से होते हुए श्री हनुमान मंदिर गोधनपुर में समाप्त हुआ। कलश यात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं बहने वरिष्ठ जन सहित नगर के युवा व बच्चे शामिल हुए। 10 मार्च को नियमित पूजा पाठ जप सहित हनुमान जी महाराज का संपूर्ण अधिवास कराया गया तदुपरांत महास्नान एवं श्रृंगार पश्चात रथ यात्रा के माध्यम से अत्यंत हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में शोभा यात्रा का माहौल अत्यंत उल्लास पूर्ण भक्तिमय एवं मनोहारी था। बड़ी संख्या में गोधनपुर की माता बहनें युवा एवं वरिष्ठ जनों ने भक्तिमय नारों से चारों दिशाओं को गुंजायमान करते हुए श्री हनुमान जी महाराज को नगर के विभिन्न मार्गो से भ्रमण कराते हुए हुए अंत में उन्हें उनके मंदिर में दिव्य सिंहासन पर विराजित किया। 11 मार्च को नियमित पूजा पाठ प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुआ। प्राण प्रतिष्ठा पूजन हवन इत्यादि कार्यक्रम दिवस भर संपादित होते रहें। शाम 4 बजे महाप्रसाद भंडारा के आयोजन किया गया। इस पूरी अवधि में 9 मार्च से समापन 11 मार्च तक नियमित 7 बजे से 9 बजे तक संगीत में सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गोधनपुर सहित आस पास के श्रद्धालु उत्साह पूर्वक शामिल हो रहे हैं।


## जेवर व नकदी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



सूने मकान से जेवर व नगदी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई जेवर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कैलाशपुर रामानुजनगर निवासी बेचूराम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 मार्च को गांव में शादी होने पर परिवार के साथ शामिल होने गए थे। वापस घर आया तो देखा कि अलमारी खुला था और अलमारी में रखा पायल, बिछिया व नकदी रुपए गायब है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव के ही निलेश देवांगन उर्फ नान दाउ आ. धीरेन्द्र देवांगन (19 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बेचूराम के यहां चोरी करने की बात कबूल की। साथ ही बताया कि नगदी रकम को खाने-पीने में खर्च कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर लगभग 6 हजार 300 रूपए कीमत की एक जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी पायल बरामद किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक हंसराम कनेडिया, आरक्षक विनोद दास, कौशलेन्द्र सिंह व रूपदेव सिंह सक्रिय रहे।



# सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पोस्टर को 'टाइम्स स्क्वायर' पर मिली जगह

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर फिल्म 'योद्धा' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी राशि खन्ना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। ताजा खबर यह है कि 'योद्धा' के मोशन पोस्टर को आज यानी 11 मार्च को न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर बिलबोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है। 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में दिशा पाटनी भी हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने संभाली है।

## लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज 'सिटाडेल' में आएंगी नजर

सामंथा रुथ प्रभु ने पिछले साल एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था उन्हें आखिरी बार फिल्म 'कुशी' में देखा गया था। साउथ से बॉलीवुड तक अपना जलवा दिखा चुकीं एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने वासपी कर ली हैं और एक हेल्थ पॉडकास्ट पर काम करना शुरू

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु की फिल्मों की बात करें तो वह सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय वर्जन में दिखाई देंगी, जिसमें वरुण धवन है। सामंथा और वरुण धवन की वेब सीरीज 'सिटाडेल' प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी सीरीज है। एक्ट्रेस सामंथा ने कहा कि अब वह ट्रोलिंग और आलोचना के बीच अंतर करने में सक्षम हो गई हैं। उन्होंने कहा, 'मैं लोगों की आलोचना के लिए अपनी आंखें और कान खुले रखती हूं जो मुझे लगता है कि एक स्टार और एक इंसान के रूप में मेरे लिए बहुत जरूरी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक साल तक काम न करने के बारे में खुलासा किया कि वह इन दिनों मायोसिटिस नाम की बीमारी से जूझ रहीं हैं।

मायोसिटिस डायग्नोसिस के चलते होने वाले दर्द के बावजूद फिटनेस रुटीन से कॉम्प्रोमाइज नहीं कर पा रही थी। 'ईगा' फेम एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगे कहा, 'कभी-कभी एक एक्ट्रेस होने के नाते आपकी दुनिया बहुत छोटी और सीमित हो जाती है। आपके आस-पास 'हां' कहने वाले लोगों का एक ग्रुप होता है जो आमतौर पर आपको अपने मन की बात नहीं बताते हैं।



## हॉलीवुड मसाला

# जहरीले कीड़े के छूने से हार्टअटैक




**लॉस एंजिलस।** हाल ही में एक फेमस एक्टर को लेकर ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। आखिर वो खबर ही ऐसी है। दरअसल 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' के एक्टर जेमी डॉर्नन पुर्तगाल ट्रिप पर थे और इस दौरान उन्हें एक कीड़े के छूने की वजह से हार्ट अटैक आ गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा है। जेमी डॉर्नन के दोस्त गॉर्डन स्मार्ट ने इस पूरे घटना के बारे में एक इटंरव्यू में बात की और बताया कि वो और जेमी दोनों पुर्तगाल के गोल्फिंग रिसॉर्ट में छुट्टियां मना रहे थे।




# टूट गया 87 साल पुराना रिकॉर्ड, 22 साल की सिंगर ने रचा नया इतिहास

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर 2024 में मोस्ट पॉपुलर सिंगर बिली इलिश को 'बार्बी' के 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ओरिजनल सॉन्ग कैटेगरी में अवॉर्ड जीता है। 22 साल की इलिश ने ऑस्कर 2024 में दूसरी बार ऑस्कर जीतकर एकेडमी अवॉर्ड्स का 87 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ ऑस्कर में सबसे कम उम्र के दो बार विजेता बनकर नया इतिहास रच दिया। वहीं बिली के साथ सिंगर फिनीस को 'बार्बी' के 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए ओरिजनल सॉन्ग के लिए अवॉर्ड मिला है। 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बार्बी' का ओरिजनल साउंडट्रैक था। बता दें कि बिली इलिश ने इससे पहले डेनियल क्रेग अभिनीत 'जेम्स बॉन्ड' फिल्म में 'नो टाइम टू डाई' के लिए 2021 में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के लिए ऑस्कर जीता था। इसके साथ ही बिली ने 22 साल की सबसे कम उम्र में दो बार ऑस्कर विजेता बनकर इतिहास रच दिया और लुइस रेनर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।



# वकील बन खोलेंगी बिहार परीक्षा की पोल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की फिल्म 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बिहार के एक परीक्षा के मार्कशीट में एक छात्रा के साथ झोलझाल होता है, जिसके लिए रवीना टंडन केस लड़ती है। बता दें कि 'पटना शुक्ला' अरबाज खान के प्रोडक्शन में बन रही है। इस फिल्म में रवीना टंडन, के साथ सतीश कौशिक, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी, मानव विज, और अनुष्का कौशिक नजर आने वाले हैं। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर 29 मार्च को रिलीज होगी। ट्रेलर में दिखाया गया है कि रवीना एक हाउसवाइफ के साथ ही साथ वकील भी हैं लेकिन कभी उन्हें कोई बड़ा केस नहीं मिला जिसमें वह खुद की वकालत को साबित कर पाए।




# 'बोगस फोन ऑपरेटर्स' अवैध कॉल सेंटरों की कहानी

**मुंबई।** आगामी स्ट्रीमिंग डॉक्यूमेंट्री 'बोगस फोन ऑपरेटर्स' भारत के सबसे बड़े कॉल सेंटर घोटालों में से एक को उजागर करती है। डॉक्यूमेंट्री 'ठाणे कॉल सेंटर स्कैम' भारत से संचालित होने वाले आपराधिक नेटवर्क के पीछे की कहानी बताती जो भारत में बैठकर अमेरिकी नागरिकों को ठगता है। महाराष्ट्र के ठाणे में 600 भ्रामक कॉल सेंटर कर्मचारियों के एक समूह ने कथित तौर पर 15,000 से अधिक अमेरिकियों के साथ 50 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। डॉक्यूमेंट्री इस घोटाले की गहन खोज करती है। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सत्य प्रकाश उपाध्याय ने किया है। यह इन्वेस्टिगेटिव क्राइम डॉक्यूमेंट्री ओटीटी प्लेटफॉर्म, डॉक्यूबे पर स्ट्रीम हो रही है।

## टीवी मसाला



# 'श्रीमद रामायण' में सुग्रीव-बाली दोनों का किरदार निभाएंगे मल्हार पंड्या

**मुंबई।** टीवी शो 'श्रीमद रामायण' लगातार बेहतरीन टीआरपी के साथ लोगों का दिल जीत रहा है। शो में भगवान श्रीराम की कथा दिखाई जा रही है। जिसमें अब 'तेरे इश्क में घायल' शो के एक्टर मल्हार पंड्या की एंट्री होने जा रही है। वह इस शो में सुग्रीव और बाली दोनों की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस शो में सुजय रेउ भगवान राम और प्राची बंसल सीता की भूमिका निभा रही हैं।

### दोनों भूमिकाएं विपरीत, फिर भी उत्साहित : मल्हार

इस किरदार को निभाने पर मल्हार ने कहा, मैं जुड़वा बच्चों, सुग्रीव और बाली की भूमिका निभाने का अवसर पाकर बेहद एक्साइटेड हूं और यह दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे के विपरीत हैं। बाली ने किष्किंधा राज्य पर शासन किया था और उसकी प्रजा वानर थी लेकिन बाद में वह कट्टर दुश्मन बन गए। हालांकि सुग्रीव ने विनम्रतापूर्वक समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाली ने उसकी बात नहीं मानी और सुग्रीव को राज्य से निकाल दिया गया। अपना प्रतिशोध लेने के लिए, बाली ने सुग्रीव की पत्नी रूमा को जबरन अपने पास रख लिया।

### पहले निभा चुके हैं हनुमान की भूमिका

मल्हार इससे पहले 'रामायणः सबके जीवन का आधार' में भगवान हनुमान की भूमिका निभा चुके हैं। इसलिए उन्हें यह भूमिका परिचित लगती है। उन्होंने कहा, मैंने पहले वानर हनुमान का किरदार निभाया था, सुग्रीव और बाली दिखने और प्रदर्शन में काफी समान हैं। इसलिए मैं नए प्रोजेक्ट से भी खुश हूं, मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

### इन शोज में कर चुके हैं काम

बता दें कि मल्हार इससे पहले भी पौराणिक शो 'राधाकृष्ण' में कर्ण, 'सूर्यपुत्र कर्ण' में बलराम का किरदार निभा चुके हैं। जिसके कारण उन्हें इस तरह के अभिनय का भी पूरा ज्ञान है। इसके अलावा मल्हार ने 'इश्कबाज', 'नागिन 2', 'कसम तेरे प्यार की' और 'नजर' में भी काम किया है।

# 'लाहौर 1947' में एक साथ दिखेगी बाप-बेटे की जोड़ी



**मुंबई।** साल 2024 के शुरुआत में ही अब तक की कई मोस्ट अवेटेड फिल्मों की अनाउंसमेंट हो गई है। इसी बीच आमिर खान प्रोडक्शन और राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'लाहौर 1947' इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे वहीं अब उनके बेटे करण देओल की भी एंट्री हो गई है। आमिर खान ने खुद इसकी पुष्टि कर दी है। करण फिल्म में जावेद का किरदार निभाएंगे। ये पहली बार होगा जब बाप-बेटे की ये जोड़ी एक साथ पर्दे पर नजर आएगी। 'लाहौर 1947' में सनी देओल और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में हैं। इस पीरियड-ड्रामा फिल्म को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे है, वहीं राजकुमार संतोषी इसका डायरेक्शन कर रहे हैं। फिल्म में शबाना आजमी, अभिमन्यु सिंह और अली फजल भी नजर आएंगे। रिपोर्टस के मुताबिक फिल्म की शूटिंग अगले कुछ महीनों में शुरू होगी। ये फिल्म आमिर खान फिल्म्स प्रोडक्शन के तहत बन रही है।

### आमिर ने की करण की तारीफ

हाल ही में आमिर ने एक बयान में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि करण देओल ने जावेद की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इतनी अच्छी तरह से टेस्ट दिया। जावेद कहानी का अच्छा पार्ट है, ये फिल्म में चैलेंजिंग हिस्सा है... और मुझे यकीन है कि राज संतोषी के डायरेक्श में, करण इसे अच्छे से निभाएंगे।

# बेहद कम समय में हुई इन फिल्मों की शूटिंग

## कुछ रहीं सफल, कुछ फ्लाप

**मुंबई।** हर हफ्ते सिनेमाघरों और ओटीटी पर नई फिल्में दस्तक देती हैं। इन फिल्मों को दर्शकों के बीच आने से पहले कई पड़ाव पार करने पड़ते हैं, जिसके चलते इन्हें पूरा करने में समय लग जाता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें बनाने में वर्षों या महीने लग गए तो कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिनकी शूटिंग कुछ दिनों के भीतर ही पूरी हो गई। आइए आज कम समय में शूट होने वाले फिल्मों के बारे में जानते हैं।



### 19 और 16 दिनों में बनी 'धमाका' और 'हरामखोर'

इस सूची में पहला नाम कार्तिक आर्यन की फिल्म 'धमाका' का है, जो कोराना वायरस के दौरान सीमित टीम के साथ 10 दिन में शूट हुई थी। राम माधवानी की ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर आई थी, जिसे लोगों ने पसंद किया था। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और श्वेता त्रिपाठी की फिल्म 'हरामखोर' में एक शिक्षक और छात्रा की प्रेम कहानी दिखाई है, जिसे फिल्माने में 16 दिन का समय लगा था।


### 'हाउसफुल 3' और 'की एंड का'

अक्षय कुमार, रितेश देखमुख और अभिषेक बच्चन की फिल्म 'हाउसफुल 3' की शूटिंग महज 38 दिन में पूरी हो गई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 110 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। करीना कपूर और अर्जुन कपूर की फिल्म 'की एंड का' में दिखाया था कि पति घर संभालता है और पत्नी नौकरी करती है। 45 दिनों में बनी इस फिल्म ने 50 करोड़ रुपये के साथ ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था। ये दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

# 'रॉकेट्री' से 'क्वीन' तक, घर बैठे ओटीटी पर देखिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकीं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर आप फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ अच्छा देखने की तलाश कर रहे हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। आज हम आपके लिए कुछ ऐसी शानदार फिल्मों की सूची लेकर आए हैं, जिन्हें मनोरंजन जगत के सबसे सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इन फिल्मों का लुत्फ आप घर बैठे ही ओटीटी पर अपने परिवार के साथ उठा सकते हैं।




### 'रॉकेट्री' और 'जूनियर तुलसीदास'

आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्री':'द नांबी इफेक्ट' इसरो के वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर नांबी नारायणन की जिंदगी पर आधारित हैं। इसे सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है और यह अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद फिल्म 'जूनियर तुलसीदास' ने सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का खिताब जीता था। यह फिल्म स्नूकर खेलने वाले तुलसीदास (राजीव कपूर) की है, जो चैंपियनशिप में हार जाता है। इसके बाद उसका बेटा जूनियर तुलसीदास (वरुण बुद्धदेव) बनकर स्नूकर खेलता है।

### 'छिछोरे' और 'बाहुबली 2'



नीतिश तिवारी की फिल्म 'छिछोरे' पढ़ाई और करियर के दबाव से जूझ रहे लोगों की कहानी कहती हैं। इसमें सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और ताहिर राज भसीन जैसे सितारे शामिल थे। डिज्नी+ हॉटस्टार पर मौजूद यह फिल्म 67वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी थी। एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2ः द कॉन्क्लूजन' को सबसे लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार मिला था। इसमें प्रभास और अनुष्का शेट्टी शामिल थे। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है।

### 'बधाई हो' और 'अंधाधुन'

आयुष्मान खुराना की 2018 में 2 फिल्में, 'बधाई हो' और 'अंधाधुन' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इन दोनों ही फिल्मों को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था और इन्होंने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। 'बधाई हो' कोसर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला तो 'अंधाधुन' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और आयुष्मान को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला था। 'बधाई हो' डिज्नी+ हॉटस्टार पर देखी जा सकती है तो 'अंधाधुन' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

### 'नीरजा' और 'दम लगा के हईशा'

सोनम कपूर अभिनीत फिल्म 'नीरजा' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। यह फ्लाइट अटेंडेंट नीरजा की कहानी थी, जो 1986 में आतंकवादियों के फ्लाइट को हाईजैक करने के बाद बच्चों की जान बचाते हुए मारी गई थीं। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है। आयुष्मान और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'दम लगा के हईशा' सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी थी। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म पढ़ाई छोड़ चुके प्रेम और शिक्षित संध्या की कहानी है।

## खबर संक्षेप

### 10 वीं के 13130 परीक्षार्थियों ने दी विज्ञान परीक्षा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा.2024 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 12 मार्च को विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 13 हजार 130 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 651 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 479 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### 83251 किसानों को मिला 430 करोड़ 19 लाख

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजनान्तर्गत किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया गया है। समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि का अन्तरण कृषक उन्नति योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जिला बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राशि का हस्तांतरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम सारंगढ़ में आयोजित समारोह में जिले के 83251 किसानों को समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि 430 करोड़ 19 लाख 32 हजार 3 रूपए का भुगतान मुख्यमंत्री के द्वारा डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी आए किसानों को जनसंपर्क विभाग की ओर से कैलेंडरए पत्रिका जनमन और मोदी की गारंटी, विष्णु देव के त्वरित निर्णयों से हो रहा सुशासन का सूर्योदय पॉकेट बुक्सका वितरण किया गया। सारंगढ़ के कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक केराबाई मनहर, जिला पंचायत रायगढ़ के सदस्य वैजयंती लहरे, शिवकुमारी चौहान, अजय गोपाल, दीनानाथ खूंटे, देवकुमारी लहरे, अनुपमा केशरवानी, परिमल चंद्रा, देवेंद्र रात्रे, अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### चेक के भुगतान रुकवाने पर एफआईआर दर्ज

**रायगढ़।** निगम के नाम से जारी चेक के भुगतान को रुकवाने के खिलाफ गोगा राइस मिल के भागीदार संचालक के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया। कोतवाली पुलिस ने धारा भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 420 और भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। एचपी डेवलपर्स के संचालक द्वारा संपत्ति कर चेक के माध्यम से जमा करने के उपरांत बैंक को राशि निगम के खाते में अंतरण करने से रोक कर रोक दिया गया। एचपी डेवलपर्स द्वारा 20 लाख 51478 का चेक नगर निगम के नाम से दिया गया था। उक्त चेक को एचडीएफसी बैंक शाखा चैतन्य नगर रायगढ़ में जमा किया गया। इस दौरान चेक की राशि निगम के खाते में अंतरण होने से एचपी डेवलपर्स द्वारा रोक दिया गया। इस पर निगम प्रशासन द्वारा कोतवाली थाने में फिर दर्ज कराया गया है। पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत गोगा राइस मिल भागीदार संचालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

### दो आईटी कम्पनियों को स्थापित करने दी जमीन

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को दो आईटी कंपनियों मेसर्स स्क्वेयर

# विवि-कॉलेज की नैक एक्रिडिटेशन की प्रक्रिया में अब होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यूनिवर्सिटी-कॉलेज को दिए जाने वाली नैक एक्रिडिटेशन की प्रक्रिया में अब बदलाव होगा। मूल्यांकन-मान्यता और रैंकिंग के लिए त्रिस्तरीय मॉडल लागू किया जाएगा। इसे लेकर उच्च शिक्षा मंत्रालय की ओर से कार्य शुरु कर दिया गया है। यूजीसी अधिनयम 1956 की धारा 2 के खंड एफ और धारा बी के प्रावधान अनुसार सभी कॉलेज और यूनिर्वसिटी को आवधिक अनुमोदन,

**मूल्यांकन-मान्यता और रैंकिंग में त्रिस्तरीय मॉडल योजना**

मूल्यांकन के लिए अनिवार्य किया गया है। इसके तहत 5 वर्ष की ब्लाक अवधि में संस्थानों को शैक्षिणक, प्रशासनिक कार्य, शोध और अन्य गतिविधियों के मूल्याकन के आधार पर ग्रेडिंग मिलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद नैक एक्रिडिटेशन में भी बदलाव की सिफारिश की गई है इसको लेकर बीते 2022 में आईआइटी कांउसिंल क अध्यक्ष डा. के राधाकृष्णन की 45 कमेटी का गठन किया गया था। वर्तमान स्थिति में डिग्री प्रदान करने वाले करीब 12 संस्थानों में से मात्र 36 प्रतिशत यानि 447 कॉलजों को ही मान्यता मिली है। करीब 44 हजार कॉलेजों में से मात्र 21 फीसद यानि साढ़े नौ हजार का ही मान्यता मिल सकी है। यही वजह है कि कमेटी की रिपोर्ट में एक ही एजेंसी के माध्यम से मूल्यांन व अन्य मापदंडों का आंकलन करने की योजना बनी है। राष्ट्र प्रत्यायन बोर्ड नैब, राष्ट्रीय पमूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद नैक, एआइसीटीई, एनएएसी के स्थान पर एनएसी की स्थापना होगी। इसमें उच्च और तकनीकी सहित सभी संस्थानों को दायरे में लाया जाएगा।

**यह होगा त्रिस्तरीय मॉडल**

1 रायगढ़ मान्यता प्राप्त स्थान
2 एक्रिडिटेशन-ग्रेडिंग की प्रतीक्षा
3 मान्यता प्राप्त नहीं (मान्यता के मानकों से बहुत नीचे)

**इन बिंदुओं पर मिलेंगे क्रेडिट**

1 संस्थान में बुनियादी सुविधाएं
2 विद्यार्थियों को उद्यमता कौशल के लिए फंडिंग
3 संस्थानाओं की क्षेत्रीय विकास में भागीदारी
4 औद्योगिक आवश्यकता अनुसार ट्रेनिंग

## सीएम साय ने किया योजना का शुभारंभ, ऑडिटोरियम में जुटे किसान

# मोदी का वादा हुआ पूरा, 494 करोड़ की अंतर राशि का हुआ भुगतान


कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।


अंतर राशि का भुगतान प्राप्त होने के बाद मोबाइल मैसेज चेक करते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ जिला मुख्यालय बालोद स्थित सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में हुआ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस कार्यक्रम में राज्य के लगभग 24 लाख 72 हजार किसानों को योजना के तहत 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की। जिला स्तरीय कार्यक्रम रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ जिले के 73 हजार 377 किसानों के खाते में 494 करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि आज वह शुभ दिन है, जब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान भाइयों के बैंक खातों में 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में 24 लाख 75 हजार से अधिक किसानों के खातों में राशि भेजी जा रही है। इनमें से 24 लाख 72 हजार से अधिक वे किसान हैं जिन्होंने इस साल धान बेचा था। इन्हें 13 हजार 289 करोड़ रुपए की अंतर की राशि दी जा रही है।

इसी तरह 02 हजार 829 धान बीज उत्पादक किसानों को भी बीज निगम के माध्यम से अंतर राशि, 31 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुडऩे पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का धन्यवाद किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सरकार के अन्य हितैषी योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश की जनता से किया हर वादा निभाने का आश्वासन दोहराया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेलए नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती सुषमा खलखो, श्रीमती राधा पटेल, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादवए उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए समन्वय बनाकर सभी जरूरी तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दायित्वों को निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एमसीसी (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) लागू होने के बाद किए जाने वाले सभी कार्यों की चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सभी मतदान केंद्रों में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत एवं शौचालय की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आई एल ठाकुर,श्री प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम शामिल हुए। कलेक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी जरूरी कार्यों को गूगल शीट बनाकर अपडेट करने के निर्देश दिए।

■ **आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के दिए**

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, ईवीएम मशीन,वीवीपीएटी आदि व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए प्रत्येक बैठक के मिनट्स बनाने के निर्देश दिए तथा मतदान दलों के प्रशिक्षण प्रशिक्षण पश्चात टेस्ट की व्यवस्था सुरक्षित करने कहा। उन्होंने राजनीतिक दलों, नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर समुचित व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## सेमीकंडक्टर मिशन भारत में रोजगार के नए अवसर खोलेंगे



**जशपुरगनर।** प्रधानमंत्री द्वारा भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के प्ररिप्रेक्ष्य में तीन सेमीकंडक्टर फैसिलिटी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण 13 मार्च को प्रधानमंत्री के यू-ट्यूब चैनेल पर प्रातः 10.30 से 11.30 तक महाविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के इतिहास में एक ऐसा पीरियड आता है जब उसके भविष्य की नीव रखी जाती है, जब उसके सपने पूरे होते हैं, और जब उसे विश्व में नई पहचान मिलती है और ऐसा तभी संभव होता है जब राष्ट्र का नेतृत्व विजनरी हो। उन्होंने यह भी बताया कि 1962 से सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को भारत में स्थापित करने का प्रयास चल रहा था लेकिन सफलता आज जाकर मिली है आज का दिन निश्चित रूप से इतिहास में दर्ज होगा आज एक साथ तीन-तीन सेमीकंडक्टर यूनिट का भूमि पूजन है सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री फॉउंडेशनल इंडस्ट्री है हर वह चीज जिसको ऑन या ऑफ किया जाता है उसमें सेमीकंडक्टर की आवश्यकता होती है। इसी कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रधानमंत्री ने तीन सेमीकंडक्टर प्लांट की आधारशिला रखते हुए कहां की तीन फैब यूनिट्स भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री ने इंडियाज टेकेडः चिप्स फॉर विकसित भारत इवेंट के दौरान कहां कि आज एक ऐतिहासिक दिन है आज हम इतिहास भी रच रहे हैं और उज्जवल भविष्य की ओर एक बहुत बड़ा और मजबूत कदम उठा रहे हैं। लाइव प्रसारण के उपरांत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अग्रणी महाविद्यालय जशपुर के प्राचार्य डॉ. वीके रक्षित ने कहा कि पहला यूनिट गुजरात के घोलेरा में 91 हजार करोड़ लागत से तथा दूसरा असम के मोरीगांव में रुपए 27000 करोड़ से तो वहीं तीसरा यूनिट गुजरात के सानन्द में 7600 करोड़ का निवेश किया जाएगा।



### क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता निलेश श्रीवास्तव को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। सहायक अभियंता श्रीवास्तव द्वारा जशपुर जिले के मनोरा विकासखण्ड के पहाड़ी कोरवा ग्राम गीधा, सोनक्यारी, इराई एवं बगीचा विकासखण्ड के ग्राम महुआ, लरंगा, कामारिमा के 53 पहाड़ी कोरवा परिवारों के बसाहट में स्थापित सोलर होम लाईट संयंत्र मरम्मत का कार्य पूर्ण कर कार्याशील किया गया, जिससे पहाड़ी कोरवाओं को संयंत्र का लाभ प्राप्त हुआ। सहायक अभियंता निलेश श्रीवास्तव के उक्त कार्य के लिए कलेक्टर ने प्रशंसा के पात्र बताते हुए सम्मानित किया गया है और भविष्य में भी शासन की समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रगति लाने की अपेक्षित की है।

## पानी की तलाश में गांव में घुसे अतिकाय, 27 किसानों की फसल चौपट, वन अमला अलर्ट

**रायगढ।** गर्मी शुरू होते ही जंगली हाथी भोजन.पानी की तलाश में गांव तक पहुंचने लगे हैं। ऐसे में बीती रात धरमजयगढ़ व घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में अलग.अलग दल ने करीब 27 किसानों के फसल को चौपट कर दिया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का भी माहौल निर्मित होने लगा है।

जिले के घने जंगलों में पिछले कई सालों से हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। जो गर्मी शुरू होते ही भोजन.पानी की तलाश में भटकते.भटकते कभी दिन तो कभी रात में हाथियों का दल गांव तक पहुंच रहे हैं। जिससे किसानों की फसलों को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैंए साथ ही इनके आमद से लोगों में हमेशा भय का भी माहौल बन रहता है। ऐसे में ग्रामीणों की मानें तो जिले में घने जंगल तो हैए लेकिन जंगल में हाथियों के लिए न तो पर्याप्त पानी की व्यवस्था है और न ही भोजन कीए जिसके चलते हर हमेशा गांव की तरफ आ जा रहे हैं। ऐसे में बीती रात रायगढ़ वन मंडल अंतर्गत घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के डेहरीडीह बीट में हाथियों के दल ने 16 किसानों की धानए उड़द की फसल के अलावा बोर पाईप को भी नुकसान पहुंचाया है। इस क्षेत्र में सात हाथियों का दल विचरण कर रहा है। साथ ही कटंगडीह में भी 01 हाथी ने धान की फसल को रौंद दिया है। वहीं धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत आने वाले उदउदा बीट में एक हाथी ने 7 किसानों के धानए मूंगफलीए उड़द की फसल को नुकसान पहुंचाया तथा सिंघीझाप बीट में दस हाथियों ने 3 किसानों की धान की फसल को चौपट किया है। साथ ही बताया जा रहा है कि अब महुआ का भी दिन आ रहा हैए ऐसे में अब अक्सर ही हाथियों का दल ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचेंगेए जिससे हर.हमेशा दुर्घटना का भय सताते रहता है।



**72 हाथियों का दल कर रहा विचरण**

विभागीय आंकड़े के अनुसार इन दिनों जिले के जंगलों में 72 हाथियों का दल अलग.अलग विचरण कर रहा है। जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग.अलग बीट में 49 जंगली हाथी मौजूद हैंए जिनमें 10 नरए 27 मादाए 12 बच्चे भी शामिल हैं। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के अलग.अलग बीट में 23 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। जिसमें 11 नरए 7 मादा एवं 5 बच्चे शामिल हैं।

**वन विभाग अलर्ट**

ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की दस्तक के बाद वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को अलर्ट कर हाथियों से दूरी बनाये रखने की अपील करने के साथ.साथ हाथियों को वापस जंगलों में खदेड़ा जाता हैए ताकि किसी प्रकार की जनहानि की घटना न हो। साथ ही हाथी विचरण क्षेत्रों में ट्रैरकिंग दल एवं हाथी मित्र दल द्वारा प्रभावित गांवों में लगातार मुनादी कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### खेत में मिली महिला की सड़ी गली लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र से डोंगामहुआ व मां इंजीनियरिंग कैंप के बीच खेत में एक अज्ञात महिला की सड़ी गली लाश मिली है। ग्राम कोटवार की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्ती करने में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कैंप में रहने वाले लोगों को बीते कुछ दिनों से किसी चीज की सड़न की बदबू आ रही थी, तब लोगों ने आसपास के क्षेत्र में बदबू की वजह तलाशी तो उन्हें महिला की सड़ीगली लाश खेत में दिखाई दी। लाश दिखने पर आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया, फिर मामले की जानकारी ग्राम कोटवार को दी गई। कोटवार द्वारा मामले से तमनार पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल इसे शवगृह में रखवाया गया है। वहीं शव की शिनाख्ती के साथ ही इस अज्ञात महिला के परिजनो की तलाश की जा रही है।

### वार्ड 12 में गैंग लगाकर की गई नालों की सफाई

**रायगढ़।** बारिश पूर्व शहर के नालों की सफाई शुरू हो गई है। मंगलवार को गैंग लगाकर वार्ड क्रमांक 12 केवट पारा से शिवा नगर तक करीब 300 मीटर नाले की सफाई कराई गई। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में बारिश पूर्व बड़े नाले की सफाई शुरू कर दी गई है। मंगलवार की सुबह से दोपहर तक गैंग लगाकर वार्ड क्रमांक 12 केवट पारा से शिवा नगर तक करीब 300 मीटर नाले की सफाई कराई गई। नाले में जमे मलवा के कारण बरसात में जल भराव की स्थिति निर्मित होती थी।

## जोन स्तरीय 51 वीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी स्पर्धा



**घरघोड़ा।** शासकीय हाई स्कूल चांदमारी में 11 मार्च को 51 वीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का जोन स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन। जिसमें रायगढ़ जिला और सारंगढ़ जिला के विभिन्न स्कूलों से जिला स्तर से चयनित हुए विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक संचालक शिक्षा के के स्वर्णकार विशिष्ट अतिथि संजय पंडा प्राचार्य सेजेस घरघोड़ा कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी श्रीमती दीप्ति अग्रवाल की नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राज्य स्तर के लिए विभिन्न स्कूलों के मॉडल किए गए चयन, शासकीय कन्या सारंगढ़, सेजेस कोतरा, हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी, हायर सेकेंडरी स्कूल गेरवानी, सेजेस घरघोड़ा, सेजेस सारंगढ़, हाई स्कूल चंदमारी, विज्ञान नाटिका में शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, विज्ञान सेमिनार में शासकीय कन्या उमावि सारंगढ़ प्रश्न मंच में सेजेस घरघोड़ा कन्या शाला सारंगढ़, के विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके लिए निर्णायक दल गठित था।







